सरकार स्वदेशी अखबारी कागज के स्टॉक की स्थिति पर निरंतर निगरानी रख रही है। जब कभी आवश्यक होता है, उपयुक्त सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं।

नई दिल्ली में बैंक का लूटा जाना

*291. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 26 फरवरी, 1993 को करोल बाग, नई दिल्ली स्थित पंजाब एण्ड सिंध बैंक से 49 लाख रुपये लूटे जाने के मामले की कोई जांच की गई है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान दिल्ली में बैंकों से इस तरह कितनी राशि लूटी गई; और

(ग) ऐसे बैंकों के नाम क्या हैं तथा इन बैंकों से किस-किस तारीख को कितनी-कितनी राशि लूटी गई है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद) : (क) पंजाब एण्ड सिंध बैंक ने सूचित किया है कि इसने करोल बाग, नई दिल्ली पुलिस स्टेशन में एक एफ.आई.आर. दर्ज करायी है और पुलिस जांच चल रही है। प्रारम्भिक आन्तरिक जांच के पश्चात्, बैंक ने अपनी ओर से घटना में कथित रूप से पाये गये लापरवाह अथवा लिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारम्भ कर दी है।

(ख) और (ग) सूचना नीचे दी गई है :–

बैंक का नाम	घटना की तारीख	अंतर्ग्रस्त धनराशि
		रु०
भारतीय स्टेट बैंक, केशोपुर, नई दिल्ली . .	6–4–1990	2,05,919
केनरा बैंक, आजादपुर विस्तार काऊंटर, दिल्ली .	8–3–1991	8,54,500
स्टेट बैंक आफ पटियाला, ओखला औद्योगिक क्षेत्र शाखा, नई दिल्ली	15–7–1991	2,04,040
ओरियंटल बैंक आफ कामर्स, जी. टी. करनाल रोड, दिल्ली	7–9–1991	50,000

केनरा बैंक की समस्त धनराशि बाद में वसूल हो गयी थी।

मानव चालित टेलीफोन एक्सचेंजों का इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों में बदला जाना

*292. **श्री अजीत जोगी :**
चौधरी हरि सिंह :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश में मानव-चालित टेलीफोन एक्सचेंजों की जिला-वार संख्या क्या है;

(ख) इन सभी टेलीफोन एक्सचेंजों को इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों में कब तक बदल दिया जायेगा;

(ग) इस पर कुल कितना खर्च आयेगा;

(घ) क्या सरकार इन राज्यों में नये इलैक्ट्रानिक टेलीफोन एक्सचेंज स्थापित करने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो स्थानों के नाम सहित उनका ब्यौरा क्या है, और

(च) देश में इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों की स्थापना सम्बन्धी वर्तमान स्थिति क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) उत्तर प्रदेश में बिजनौर जिले में एक एक्सचेंज और मध्य प्रदेश में चार एक्सचेंज (अर्थात् जिला मन्दसौर में "एक", मुरैना में "दो" और शहडोल में "एक") मानव-चालित हैं।

(ख) 31 मार्च, 1993 तक।

(ग) अनुमानत: 9.27 करोड़ रुपए।

(घ) जी हां।

(ङ) पंजीकृत मांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष बजट आवंटन का निर्णय होने के बाद ही नामों की सूची को अंतिम रूप दिया जाता है।

(च) 1992-93 के दौरान 16.44 लाख लाइनें जोड़ने की योजना बनाई गई है जिनमें से 15.64 लाख लाइनें इलैक्ट्रानिक हैं। 7.85 लाख लाइनें चालू की जा चुकी हैं।

मध्य प्रदेश में माण्ड थर्मल पावर स्टेशन की लागत का बढ़ना

*293. **श्री दिलीप सिंह जुदेव** : क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के रायगढ़ के जिले में माण्ड थर्मल पावर स्टेशन निर्माण संबंधी प्रस्ताव स्वीकृति हेतु सरकार के पास लम्बित हैं;

(ख) यदि हां, तो यह कब से लम्बित है और उसके क्या कारण हैं;

(ग) योजना की वर्तमान लागत तथा पूर्व-प्रस्तावित लागत में कितना अन्तर आ गया है; और

(घ) इस पावर स्टेशन का प्रस्तावित अनुमानित विद्युत उत्पादन कितना है और उससे लाभान्वित होने वाले राज्यों का ब्यौरा क्या है ?

विद्युत मंत्री (श्री एन० के० पी० साल्वे) : (क) और (ख) जी, नहीं। 370.99 करोड़ रु० की अनुमानित लागत वाले मण्ड ताप विद्युत केन्द्र (2×210 मेगावाट) को अधिष्ठापित किए जाने के बारे में मध्य प्रदेश बिजली बोर्ड (एम.पी.ई.बी.) ने 1983 में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सी.ई.ए.) को परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। मध्य प्रदेश बिजली बोर्ड (एम.पी.ई.बी.), इस परियोजना के लिये अपेक्षित लिंकेज एवं स्वीकृतियां सुनिश्चित नहीं कर पाया था और परियोजना में पर्याप्त वन भूमि निहित होने के कारण 1990 में एम.पी.ई.बी. के अनुरोध पर केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा परियोजना पर आगे कार्यवाही नहीं की गई और प्रस्ताव को एम.पी.ई.बी. को लौटा दिया गया था।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता।

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (नैशनल थर्मल पावर कारपोरेशन) द्वारा मशीनरी का आयात

*294. **श्री वीरेन जे० शाह :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय